दिन– रविवार दिनांक– 08 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा– वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने में युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

02. राज्य के दस जिलों में टीबी मुक्त अभियान शुरू। एक सौ उनासी प्रखंड के दो लाख से अधिक टीबी मरीजों की होगी जांच।

03. सीएचओ परीक्षा फर्जीवाड़े की जांच तेज। आर्थिक अपराध इकाई ने पांच दर्जन से अधिक फर्जी आधार कार्ड जब्त किये।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– प्रदेश के अधिकतर भागों में अगले दो दिनों के दौरान बढ़ेगी ठंड। राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश की भी सम्भावना।

————————————————————————

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है। मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उप–राष्ट्रपति ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है।

———बाईट———

हर किसी को योगदान देना पडेगा। विकसित भारत के लिए प्रति व्यक्ति जो आय आज है उसमें आठ गुना वृद्धि होगी। अक्सर लोग मुझे कहते हैं कि इसमें नागरिक क्या करेगा। प्रधानमंत्री जी का एक आह्वान था एक पेड मां के नाम, मैंने बोला ये एक व्यक्ति का कृत्य है 140 करोड लोग जब ऐसा करेंगे, तो कितनी क्रांति आएगी।

————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नडडा ने कहा है कि टीबी यानि तपेदिक मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोई कसर नहीं छोडी जाएगी। श्री नड्डा ने हरियाणा के पंचकूला में एक सौ दिन के टी बी उन्मूलन अभियान की शुरूआत करने के बाद कहा कि वर्ष दो हजार पच्चीस तक देश को टीबी मुक्त बनाने में यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा।

———बाईट———

एंड टीबी समिट जो 2018 में किया गया उसमें हम लोगों ने एलिमिनेशन को 2025 साल रखा गया। स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तत्पर्ता के साथ इस एंड टीबी के प्रोग्राम की लडाई लडी। टीबी मुक्त भारत को प्रधानमंत्री मोदी जी का जो लक्ष्य है, उसको पूरा करने में कोई कसर नहीं छोडेंगे और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स से पहले उसको हम पूरा करेंगे।

इधर, राज्य के दस जिलों में टीबी उन्मूलन अभियान की शुरूआत की गयी है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने बताया कि इस दौरान बेगूसराय, भोजपुर, दरभंगा, गोपालगंज, कटिहार, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, समस्तीपुर और सीवान के एक सौ उनासी प्रखंड के दो लाख तीन हजार टीबी मरीजों की जांच की जायेगी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तपेदिक से अधिक प्रभावित जिलों पर विशेष ध्यान देने के साथ सौ दिन के विशेष अभियान की शुरूआत से तपेदिक के खिलाफ देश की लड़ाई और मजबूत हुई है। श्री मोदी ने कहा कि देश रोगियों को दोगुनी सहायता, जन भागीदारी, नई दवाओं, प्रौद्योगिकी के उपयोग और बेहतर नैदानिक उपकरणों के साथ बहु–आयामी तरीके से तपेदिक बीमारी से लड़ रहा है।

———————————————————————

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि बिहार में पिछले पांच वर्षों में इकतीस नए पैक्स पंजीकृत किए गए हैं। राज्यसभा में एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान देश भर में छह हजार पांच सौ पच्चीस नए पैक्स पंजीकृत किए गए हैं। श्री शाह ने बताया कि बिहार के मधेपुरा जिले में सबसे अधिक नौ पैक्स पंजीकृत किये गये है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने पन्द्रह फरवरी दो हजार तेईस को देश में सहकारिता आंदोलन को सुदृढ़ बनाने तथा सबसे निचले स्तर तक इसकी पहुंच बनाने की योजना को मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि हिंदी भाषा हम सभी को एकजुट करती है और एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। चेन्नई में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा में उन्होंने कहा कि यह सभा महात्मा गांधी की प्रेरणा से काम करती है।

———बाईट———

हिंदी भाषा हमारे सबके ह्दय में है। राष्ट्र भाषा और इस भाषाओं के जरिए हम देश को बापूजी के दिए हुए मार्गदर्शन से, आदर्श से, मूल्यों से हमने जोडने का काम किया। हिंदी भाषा को दुनियाभर की भाषा के रूप में हमें खडा करना होगा।

———————————————————————

प्रदेश के सात जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए बीस से छब्बीस दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित होगी। सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार रैली में पटना, बक्सर, भोजपुर, सिवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली जिले अभ्यर्थी भाग लेंगे। अग्निवीर जनरल ड्यूटी के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए बीस से चौबीस दिसंबर जबकि

टेक्निकल, कार्यालय सहायक और एसकेटी पुरुष अग्निवीरों के लिए भर्ती रैली पच्चीस दिसंबर को होगी। इन्हीं जिलों के आठवीं और दसवीं पास अभ्यर्थी अग्निवीर ट्रेड्समैन पद के लिए छब्बीस दिसंबर को भर्ती रैली में शामिल होंगे। वहीं, बिहार–झारखंड की शार्टलिस्ट की गई महिला अभ्यर्थियों के लिए यह रैली सत्ताईस दिसंबर को आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दी गई तिथि और समय के अनुसार उपस्थिति दर्ज करानी होगी। आनलाइन जेनरेट किए गए प्रवेशपत्र के बिना अनुमति नहीं मिलेगी।

————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना कल होगी। इस उपचुनाव में कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें जदयू के अभिषेक झा, राजद के गोपी किशन और जनसुराज के विनायक गौतम प्रमुख हैं।

————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से आयोजित, सीएचओ परीक्षा में फर्जीवाड़े की जांच तेज कर दी है। ईओयू ने जांच के दौरान पांच दर्जन से अधिक फर्जी आधारकार्ड जब्त किये हैं। ईओयू के एक अधिकारी ने बताया कि जब्त आधारकार्डों की ममद से कितने बैंक खाते खोले गये और उनकी मदद से किन–किन स्थानों पर पैसों का लेन–देन हुआ है, इसकी जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों के नाम मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि सीएचओ के चार हजार पांच सौ पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसे फर्जीवाड़े के कारण रद्द कर दिया गया है।

————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में तेज पछुआ हवा के कारण ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान ठंड में और बढ़ोतरी की सम्भावना जतायी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि आज और कल पटना, बक्सर, लखीसराय समेत राज्य के दक्षिणी भाग में कई स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान के साथ–साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट की आशंका है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ पूसा और जीरादेई राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे।

————————————————————

विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। पर्यटन विभाग के मुख्य मंच पर अतीशा प्रताप सिंह ने कुचिपुड़ी नृत्य

प्रस्तुत किया। अतीशा स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रुडी की पुत्री हैं। वहीं, मेले में सोनपुर माइंड फेस्ट ओपेन क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। जिसमें प्रथम पुरस्कार आध्या सिंह को मिला जबकि दूसरे स्थान पर नंद देव सिंह और तीसरे स्थान पर धैर्य पांडे रहे। इसके साथ ही इसी प्रतियोगिता के स्कूल श्रेणी में अर्पित कमल प्रथम, अमृत कमल द्वितीय और सुरवी कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। इधर, प्रतियोगिता के कॉलेज श्रेणी में शिवानी कुमारी विजेता बनी जबकि अमन कुमार दूसरे और उत्पल कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

———————————————————————————

पटना जिले की पुलिस ने साईबर ठगी के आरोप में बारह लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें तीन आंध्रप्रदेश, पांच तेलगांना और दो गुजरात के निवासी हैं जबकि दो अन्य नवादा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से अलग–अलग बैंकों के एक सौ चौदह एटीएम कार्ड, छब्बीस मोबाईल और अन्य आपत्तिजनक कागजात जब्त किये हैं।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के पंचरूखिया जंगल में जांच के दौरान एसटीएफ की विशेष टीम ने इंसास राईफल की निन्यानवे गोली और पच्चीस डेटोनेर बरामद किये हैं।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित एक आभूषण दुकान से अपराधियों ने सवा किलो सोना और पच्चीस किलो चांदी के जेवरात लूट लिये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————————

महाराष्ट्र के औरंगाबाद में खेली जा रही कूच बिहार अन्डर नाईनटीन क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबले में महाराष्ट्र के खिलाफ बिहार ने पहली पारी में चार विकेट के नुकसान पर दो सौ चार रन बना लिये हैं। सत्यम कुमार ने पचपन और पृथ्वी राज ने बावन रन की पारी खेली।

इधर, ओडिशा के कटक में खेली जा रही विजय मर्चेंट ट्रॉफी अन्डर सिक्सटीन क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबले में बिहार ने त्रिपुरा के खिलाफ पहली पारी के आधार पर अट्ठाईस रन की बढ़त ले ली है। बिहार के गेंदबाजों की शानदार प्रदर्शन के बदौतल त्रिपुरा की पहली परी एक सौ तिरानवे रन ही सिमट गयी।

———————————————————————————

पंजाब के तरन–तारण में सम्पन्न चौबीसवीं सब जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता में राज्य के खिलाड़ियों ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीता है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि इशांत टैगोर ने रजत पदक जीता है, जबकि विशेमनी सिंह, मून स्टार, आनंदी राय, अभिषेक कुमार और धनंजय कुमार ने कांस्य पदक जीता है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने गोपालगंज जिले में डेयरी प्लांट की आधारशिला रखे जाने को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– गोपालंगज में एक लाख लीटर क्षमता का डेयरी प्लांट बनेगा। स्थानीय स्तर पर की जायेगी दुग्ध उत्पादन की प्रोसेसिंग। सात हजार नये दुग्ध समितियों के गठन की दी गयी स्वीकृति।

दैनिक जागरण ने राज्य में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की घटना पर लिखा है– रेफरी बनाने को महिला खिलाड़ी से पाटलिपुत्र खेल परिसर में की गई जबरदस्ती, बैंक में महिला मैनेजर से किया दुर्व्यवहार।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– बिजली–पानी जैसी सब्सिडी सीधे खातों में ट्रांसफर होगी। प्रभात खबर ने भ्रष्टाचार के एक मामले पर सुर्खी दी है– सिपाही ने छह साल में बनायी डेढ़ करोड़ रूपये की सम्पत्ति, सत्ताईस लाख का केवल किचेन। राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने किसानों के दिल्ली कूच करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा– वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने में युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

02. राज्य के दस जिलों में टीबी मुक्त अभियान शुरू। एक सौ उनासी प्रखंड के दो लाख से अधिक टीबी मरीजों की होगी जांच।

03. सीएचओ परीक्षा फर्जीवाड़े की जांच तेज। आर्थिक अपराध इकाई ने पांच दर्जन से अधिक फर्जी आधार कार्ड जब्त किये।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– प्रदेश के अधिकतर भागों में अगले दो दिनों के दौरान बढ़ेगी ठंड। राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश की भी सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।